राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *21

25 फरवरी, 2015 को उत्तर के लिए

झारखंड में परियोजनाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की निवेश योजना

***21. श्री संजीव कुमार:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड समूचे झारखंड में विभिन्न परियोजनाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए पिचानवे हजार करोड़ से अधिक रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त योजना में भारतीय इस्पात लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की सिंदरी इकाई को पुनः चालू करने का कार्य भी सम्मिलित होगा, जिसे नवम्बर, 2011 में इस प्रयोजनार्थ निगमित किया गया था;

(ग) सरकार सिंदरी में फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास उपलब्ध कुल 6652 एकड़ भूमि में से जिसमें से मात्र 498 एकड़ ही अतिक्रमण-मुक्त है - परियोजना के लिए अपेक्षित 3247 एकड़ भूमि किस प्रकार मुहैया कराएगी और भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड इसके लिए किस प्रकार संसाधन जुटाने की योजना बना रहा है; और

(घ) सिंदरी स्थित फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की सहायता करने के लिए सरकार की क्या-क्या भावी योजनाएं हैं?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **श्री नरेन्द्र सिंह तोमर**

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

“झारखंड में परियोजनाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की निवेश योजना” के बारे में श्री संजीव कुमार, संसद सदस्य द्वारा राज्य सभा में दिनांक 25 फरवरी, 2015 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *21 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) झारखण्ड में बोकारो स्टील प्लांट और खानों के आधुनिकीकरण और विस्तार के अपने वर्तमान चरण के अनुसार लगभग 11,000 करोड़ रूपए निवेश कर रहा है। इसमें फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की सिंदरी यूनिट का पुनरुद्धार शामिल नहीं है। सेल ने सिंदरी यूनिट के पुनरुद्धार की संभावना का पता लगाया है, लेकिन न्यूनतम 3247 एकड़ की लगातार (कंटीग्यूअस) और अतिक्रमण-मुक्त भूमि की उपलब्धता न होने के कारण परियोजना पर आगे कार्रवाई नहीं की जा सकी। सरकार सिंदरी में फर्टिलाइजर यूनिट के पुनरुद्धार के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रही है।

*****